C 26244-A (Pages : 3) Name..................................

Reg. No...............................

SECOND SEMESTER B.VOC. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2017

Common Course

GEC 2HD 05—POETRY AND SHORT STORIES

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर **अनिवार्य** हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'वसीयत' कविता का रचनाकार कौन है ?

(नरेश मेहता, भारत भूषण अग्रवाल, कीर्ति चौधरी, अशोक वाजपेयी)

2 इनमें छायावाद के शीर्षस्थ कवि कौन हैं ?

(बच्चन, दिनकर, निराला, अरूण कमल)

3 कबीर की भाषा कौन-सी है ?

(गुजराती, सधुक्कडी, भोजपुरी, मैथिली)

4 'चीफ़ की दावत' का रचनाकार कौन है ?

(ममता कालिया, महीप सिंह, उदय प्रकाश, भीष्म साहनी)

5 इनमें यशपाल की कहानी कौन है ?

(वापसी, मलबे का मालिक, पूस की रात, पर्दा)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 चौधरी पीरबख्श किस कहानी का पात्र है ?

7 हिन्दी के कथा सम्राट कौन हैं ?

8 हिन्दी में हालावाद के प्रवर्तक कवि कौन हैं ?

Turn over

9 सूरदास के गुरू कौन थे ?

10 'वक्त' कविता का रचनाकार कौन है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 प्रेम के महत्व के संबंध में कबीर का विचार क्या है ?

12 गोपियों का कपोल काला हो जाने का कारण क्या है ?

13 विष्णु का प्रियतम कौन है और क्यों है ?

14 ग्राम वधु को रोना सुनकर यात्रियों को कौन-सी शंका होती है ?

15 असमान किस घटना पर शोक नहीं मनाता है ?

16 'टूटा पहिया' के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

17 वसीयत का कवि अपना मुँह किसको देना चाहता है और क्यों ?

18 ईश्वर के वासस्थान के संबंध में कबीर का विचार क्या है ?

19 घीसू और माधव को क्यों कोई मजदूरी नहीं देता ?

20 गजाधर बाबू पर बसंती क्यों नाराज़ होती है ?

21 शामनाथ की माँ क्यों फुलकारी बना देने को तैयार हो जाती है ?

22 चौधरी पीरबख्श ने बबर अलीखाँ से क्यों रूपए उधार लिये ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय ।
बिनु पानी साबुन बिना, निरमल करै सुभाय ।।

24 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

छुरा भांजते गुंडे छुट्टा धूम रहे हैं
और अपने ही घर की चौखट पर
बैठा आदमी
मारा जा रहा है ।

25 सूरदास की भक्तिभावना का परिचय दीजिए ।

26 धीसू और माधव का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

27 'पर्दा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

28 'चीफ़ की दावत' कहानी में अभिव्यक्त विचारों की विवेचना कीजिए ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'जो बीत गयी सो बात गयी' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

30 वापसी कहानी संक्षेप में लिखकर उसके उद्देश्य पर विचार कीजिए ।

31 'वक्त' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)